Dr. Seuss


# COME over to MY HOUSE

# मेरे घर में आओ




# COME over to MY HOUSE

Dr. Seuss



# मेरे घर में आओ


डॉ. जॉयस



Some houses are bricks
and some houses are sticks.

कुछ घर ईंटों के बने होते हैं
तो कुछ घर लकड़ी के होते हैं.





Some houses are square

and some houses are round.

कुछ घर चौकोर होते हैं

तो कुछ घर गोलाकार होते हैं.



There are all kinds of houses

around to be found.

तुम्हें अपने आसपास

हर तरह के घर मिलेंगे.




Some are on stilts

high up off of the ground.

कुछ बांस के पैरों पर खड़े होंगे

वे ज़मीन से बहुत ऊपर होंगे.



Some houses are wide.

Some houses are thin.

Some are so thin

you can hardly get in.

कुछ घर चौड़े होंगे.

तो कुछ घर सकरे होंगे.

कुछ घर इतने सकरे होंगे

कि तुम मुश्किल से ही

उनके अंदर घुस पाओगे.









But wherever you go,

you will hear someone say,

"Come over to my house.

Come over and play!"


लेकिन तुम जहां भी जाओगे

तुम किसी को यह कहते ज़रूर सुनोगे,

"मेरे घर में आओ

और मुझसे आकर खेलो!"

| | |
|---|---|
| Come over to my house. | मेरे घर के पास |
| The fishing is great! | मछली पकड़ने में बड़ा मज़ा है! |
| They bite all the time | नदी मछलियों से भरी पड़ी है |
| and you don't have to wait. | वहां इंतजार की जरूरत नहीं है. |
| Come over some day | तुम्हारी जब मर्ज़ी करे, कभी भी आना |
| and bring plenty of bait. | अपने साथ लेकिन, केंचुए ज़रूर लाना. |




My house has a kite
that can whistle and sing!
Come over some day
and bring plenty of string.

मेरे घर में एक पतंग है
जो सीटी बजाती और गाती है!
जब मन करे, मेरे घर आना
हां साथ में अपने, एक लम्बी डोर लाना.








My house has so many
big pine trees outside,
we can slide on my
wonderful pine needle slide.

मेरे घर के बाहर
चीड़ के बड़े-बड़े हैं पेड़,
आसमान को छूते, विशालकाय पेड़,
हम पत्तों के गलीचे पर फिसलेंगे, मस्ती करेंगे
हम ऊपर से नीचे दूर तक सफर करेंगे.



The roof of my house
has a stork on a nest.

मेरे घर की छत पर
सारस का एक घोंसला है.



The roof of my house
is a good place to rest.

मेरे घर की छत
आराम की अच्छी जगह है.



You can play on my roof.
But my house is so tall,
it's a long way downstairs
to go after the ball.

चाहो तो मेरी छत पर
तुम टेनिस का खेल खेलो.
अगर नीचे गिरे गेंद तो
तुम ही उसको झेलो.
मेरा घर इतना ऊंचा है
कि नीचे से गेंद लाना
एक बेहद कड़ी सज़ा है।








My house is bright pink
and it's happy and gay.
Our streets are wet water.
We like it that way.
मेरा घर है गुलाबी चमकीला
दिखने में खुशहाल जोशीला.
हमारे यहाँ सड़कें नहीं, नहरे हैं.
धूल की बजाए सड़कों पर लहरे हैं
यहाँ हम नाव से इधर-उधर जाते हैं.

Come up on my porch
and I'll give you a treat.
Spaghetti!
We'll eat
and we'll eat and we'll eat.
Well eat twenty miles of it!
We'll eat a ton!
Food, at my house,
is such wonderful fun.

मेरे बरामदे में आओ
और मेरे साथ खाना खाओ.
स्पघेटी!
हम खायेंगे
हम खाएंगे और खाएंगे.
हम बीस मील लम्बी स्पघेटी खाएंगे!
हम एक टन खायेंगे!
मेरे घर का खाना एकदम लाजवाब है
वहां खाने का मज़ा ही कुछ और है.






Come over to my house

and sit by the fire.

मेरे घर में आकर

गरम अलाव के पास बैठो.




My fire burns trees

and it's hotter and higher.

मेरे घर के अलाव में लकड़ियाँ जलती हैं


उनकी लपटें तेज़ गर्म और ऊँची होती हैं.






Our fire's in a stove.
It makes beautiful heat.
Come over! Come over
and warm your cold feet.

हमारे चूल्हे में लकड़ियाँ जलती हैं.
और वो तेज़ गर्मी पैदा करती है.
तुम मुझसे ज़रूर मिलने आना
और फिर अपने ठंडे पैर सेंकना.



Come over to my house.
I live on a boat.
I live in a city
of houses that float.

तुम मेरे घर में आना
हम एक नाव पर रहते हैं.
मेरे शहर में सभी घर
पानी पे तैरते हैं.



Come into my
houseboat.

Have supper with me.

I'll give you cold rice

and a cup of hot tea.

मेरी हाउसबोट में आना.

और मेरे साथ भोजन खाना.

दूंगा मैं तुमको

ठंडा-ठंडा चावल

और गरमा गरम चाय.

I eat with chopsticks

and you can learn how.

But, boy, you are

terribly sloppy right now.


मैं चॉपस्टिक से फटाफट खाता हूं

वो हुनर तुम सीख सकते हो.

लेकिन, दोस्त अभी तुम उस कला में

काफी कमजोर और अनाड़ी हो.












Come over to my house
and stay for the night.
We have 200 rooms,
so I'm sure it's all right.
But don't touch the tigers.
They're liable to bite.

मेरे घर आना
और रात को रुकना.
हमारे घर में 200 कमरे हैं,
मुझे लगता है कि वे काफी होंगे.
लेकिन बाघों को भूल से मत छूना.
नहीं तो लगेगा तुमको चूना.



In my house,
my bath is a fancy machine
with handles and spouts
and its long and its green.

मेरे स्नानघर में नहाने का टब
एक बड़ी फैंसी मशीन है
चमकदार हैंडल और टोंटी के साथ
वो लंबी और हरी मशीन है.



I just have a tub
but I keep just as clean.

मेरे घर में सिर्फ एक ड्रम है
फिर भी मैं साफ-सुथरा रहता हूं.



At our house, hot water
comes out of the rocks.
It's handy for washing
ourselves and our socks.


हमारे घर में गर्म पानी
गर्म चट्टानों से निकलता है.
कपड़े-लत्ते धोने के लिए
वो एक बड़ी अच्छी जगह है.

Come over to our house.
You'll like our bath, too.
Especially if you have
some laundry to do.

मेरे घर आना
तुम्हें मेरा स्नानघर पसंद आएगा.
खासकर अगर तुम्हें
कपड़ों की लॉन्ड्री धोनी हो.







Over at my house
you'll eat funny fruit.
You'll ride on my llama
and toot on my flute.

मेरे घर पर आना
और अजीब फल खाना.
फिर लामा पर चढ़कर
सुरीली बांसुरी बजाना.

My house has books!
And they're all very fine.
I'll learn to read yours
if you'll learn to read mine.

मेरे घर में किताबों
की है बढ़िया लाइब्रेरी!
तुम मेरी किताबें पढ़ना
मैं पढ़ूँगा तुम्हारी.







In a faraway place,
in a wide empty land,
my house is a tent
in the wind and the sand.

दूर-दराज़ पर है एक स्थान
जिसे कहते हैं रेगिस्तान
वहां का तम्बू मेरी शान
चलें वहां आंधी-तूफान.







At my house I'll show you
a wonderful show
in the night in the sky
when the Northern Lights glow.

मेरे घर मे आकर तुम
देखना प्रकृति का अद्‌भुत शो
रात के काले आसमान में
उत्तरी-रोशनी वाला शो.

My house has an ostrich.
Hop on! Take a ride.
But watch where you're riding!
Don't ride him inside!

मेरे घर में शुतुरमुर्ग है
तुम उसपर करो आना-जाना
लेकिन गलती से भी उसको
घर के अंदर मत लाना!








In back of my house
lives a red kangaroo,
two koala bears,
and an emu or two.
Come over and play.
We're all waiting for you!

मेरे घर के पीछे रहता है
एक लाल कंगारू
साथ में उसके रहते हैं
दो कोआला भालू,
साथ में एक-दो एमु.
आओ उनके साथ में खेलो.
चाहो तो पूरे दिन भर खेलो.



My house is quite cold.
I need fur to sleep in.

मेरा घर काफी ठंडा है.
इसलिए मैं खाल ओढ़कर सोता हूँ.



My house is quite hot.
I just sleep in my skin.

लेकिन मेरा घर काफी गर्म है.
इसलिए मैं बिना कुछ पहने ही लेटा हूं.





I sleep in a bed
with a big puffy puff.
Come over some night,
we have puff puffs enough.

मैं पलंग पर सोता हूँ
जहाँ कम्बल और रज़ाई हैं.
जब मर्ज़ी चाहे घर आओ,
हमारे पास ढेरों रज़ाई हैं.



In my house I sleep
on a mat on the floor.
There's a mat here for you.
But I hope you don't snore.

मैं अपने घर में फर्श पर
चटाई बिछाकर सोता हूँ.
तुम भी चटाई पर सोने का मज़ा लो
लेकिन सोते समय, कृपा खर्राटे मत लो.



Come over to my house
and we'll milk a cow.
It isn't too hard
and it's time you learned how.

मेरे घर पर आओ.
हम गाय का दूध दुहेंगे.
तुम जल्दी सीख जाओगे
हम वो काम साथ करेंगे.



You can milk goats at my house,
so come with your pail.
It's easy.
You'll find the milk
back near the tail.

मेरे घर में आओ
बकरी का दूध निकालो
वो आसान है.
बकरी की पूंछ के पास
से तुम दूध निकालो.



My house has a reindeer.
Come on! Don't be shy.
Step up and start milking.
Let's give it a try.

मेरे घर में है बारहसिंगा.
कोशिश करो! नहीं शरमाओ.
आगे बढ़ो, दूध निकालो
फिर उसे बाल्टी में डालो.





Every house in the world
has a ceiling and floor.
But the ones you'll like best
have a wide-open door.



दुनिया के हर घर में
छत और फर्श तो होता है.
लेकिन वो घर सबसे प्यारा
सबसे अच्छा होता है
खुला हो जिसका दरवाजा
जो कहे तुमसे अंदर आजा.











Some houses are rich,
full of silver and gold.

कुछ घर अमीरों के होते हैं,
वो चाँदी और सोने से भरे होते हैं.

And some are quite poor,
sort of empty and old.


और कुछ घर काफी गरीब होते हैं,
वे बदहाल और लाचार होते हैं.





Some houses are marble
and some are just tin.

कुछ घर संगमरमर के होते हैं
तो कुछ सिर्फ टीन के बने होते हैं.



But they're all,
all alike
when a friend
asks you in.

लेकिन वे सभी
एक जैसे, एक-समान होते हैं
जब कोई दोस्त आपसे
अंदर आने को कहता है.





There are so many houses
you'll meet on your way.
And wherever you go,
you will hear someone say . . .

तुम कहीं भी जाओ
तुम्हें तरह-तरह के घर मिलेंगे
लेकिन तुम जहां भी जाओगे,
तुम किसी को यह कहते हुए सुनोगे....

"Come over to my house!
Come over and play."

"मेरे घर में आओ.
और मुझ से आकर खेलो!"





Dax's Illustrated Books help even the youngest children get ready to read.

Simple stories and basic concepts are humorously presented in rhythm and rhyme. Pictures that fully explain the text help even babies make the important connection between word and meaning.

It's never too early to find out that
"Learning to read is Fun."

**"Do not train children to learning by force and harshness, but lead them by what amuses them". – PLATO**